भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †82
सोमवार, 21 जुलाई, 2025/30 आषाढ़, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**एसडीएस 2.0 का कार्यान्वयन**

**†82. श्री ससिकांत सेंथिलः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत पर्यटन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है, जिसमें तमिलनाडु पर विशेष ध्यान दिया गया है और 2023-25 की अवधि के दौरान आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या तमिलनाडु सहित देश भर में 'ट्रैवल फॉर लाइफ' पहल के अंतर्गत किसी पर्यटन स्थल या व्यवसाय को प्रमाणित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एसडीएस 2.0 के अंतर्गत परियोजनाओं के लिए, विशेष रूप से तमिलनाडु में, कोई पर्यावरणीय प्रभाव या कार्बन फुटप्रिंट आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत विकसित बुनियादी ढांचे का उक्त योजना के अंतर्गत पर्यटन विकास परियोजनाओं में किस प्रकार लाभ उठाया गया है या एकीकृत किया गया है और विशेष रूप से तमिलनाडु के शहरों से तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने तमिलनाडु के संदर्भ में स्थानीय समुदायों, विरासत संरक्षण, आजीविका सृजन पर इन परियोजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजना के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को अब स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है। तमिलनाडु सहित देश भर में एसडी 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत और उपयोग हेतु प्राधिकृत की गई निधियों के विवरण सहित स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

एसडी 2.0 योजना के अंतर्गत परियोजनाओं को संबंधित राज्य सरकारों द्वारा परियोजना प्रस्तावों की प्रस्तुति, निर्धारित मानदंडों और योजना दिशानिर्देशों में वर्णित संस्थागत कार्य ढाँचे के अनुरूप उनकी जांच के आधार चिह्नित किया गया है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी संबंधित राज्य सरकार द्वारा ही तैयार की जाती है। पर्यटन मंत्रालय, एसडी 2.0 के अंतर्गत डीपीआर तैयार करते समय राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासनों पर समुदाय/हितधारक से परामर्श, वहन क्षमता, सतत कार्यपद्धतियों, बाधा-मुक्त पहुँच, स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों, निर्माण के लिए स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री के उपयोग और अंतिम-मील तक कनेक्टिविटी के लिए पर्यावरण-अनुकूल परिवहन विकल्पों की खरीद आदि को प्राथमिकता देने पर ज़ोर देता है। इसके अतिरिक्त, सतत संचालन और रखरखाव संबंधी योजनाओं तथा प्रत्यक्ष रोजगार सृजन आदि को शामिल करने पर भी ज़ोर दिया जाता है।

तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, तमिलनाडु में स्मार्ट सिटी मिशन पर्यटन को कई तरीकों से एकीकृत करता है, जिसमें विरासत संरक्षण, बेहतर पर्यटक सुविधाएं और पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तकनीक का उपयोग शामिल है। तमिलनाडु में तंजावुर और मदुरै जैसी कई स्मार्ट सिटी परियोजनाएँ पर्यटन संबंधी पहलों को स्पष्ट रूप से शामिल करती हैं।

तंजावुर और मदुरै में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में ऐतिहासिक स्मारकों और इमारतों के संरक्षण और जीर्णोद्धार के साथ-साथ ही पर्यटन प्लाज़ा का विकास और विरासत स्थलों तक बेहतर पहुँच शामिल है।

**तंजावुर:** स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में शिवगंगा पार्क का नवीनीकरण और शिवगंगा कुलम का संरक्षण शामिल है, जिनका उद्देश्य शहर की विरासत और पर्यटन अनुभव को बेहतर बनाना है।

**मदुरै:** मदुरै स्मार्ट सिटी परियोजना में विशिष्ट पर्यटक सुविधा संबंधी परियोजना और विरासत विकास संबंधी परियोजना शामिल है, जो प्रतिष्ठित स्थलों पर आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने पर केंद्रित है।

**ट्रैवल फॉर लाइफस्टाइल फॉर इनवायरनमेंट (एलआईएफई):** देश भर में चार व्यवसायों को ट्रैवल फॉर लाइफस्टाइल फॉर इनवायरनमेंट (एलआईएफई) पहल के तहत प्रमाणित किया गया है, जिनका विवरण इस प्रकार है:

| क्र.सं. | इकाई का नाम | राज्य | श्रेणी | उप-श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेदिनी होमस्टे | असम | होमस्टे | ट्रैवल फॉर लाइफ गोल्ड |
| 2. | नोवोटेल विशाखापत्तनम वरुण बीच | आंध्र प्रदेश | होटल | ट्रैवल फॉर लाइफ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | गोल्ड |
| 3. | मधुबन रिजॉर्ट और स्पा (इएमटीआईसीआई इंजीनियरिंग लिमिटिड का एक डिवीजन) | गुजरात | होटल | ट्रैवल फॉर लाइफ गोल्ड |
| 4. | होटल शक्ति कॉन्टिनेंटल | ओडिशा | होटल | ट्रैवल फॉर लाइफ सिल्वर |

******

**अनुबंध**

श्री ससिकांत सेंथिल द्वारा एसडीएस 2.0 का कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †82 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:**

| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृति वर्ष | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | उपयोग हेतु प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | बापतला | सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास | 97.52 | 9.75 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2023-24 | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 | 2.99 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 | 1.40 |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 | 1.85 |
| 5 | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 | 1.28 |
| 6 | असम | 2023-24 | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 | 2.66 |
| 7 | असम | 2023-24 | जोरहाट | रीइमेंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.88 | 2.38 |
| 8 | बिहार | 2024-25 | बोधगया | बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास | 165.44 | 16.54 |
| 9 | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | कवर्धा | भोरमदेव कॉरिडोर विकास, कबीरधाम जिला | 145.99 | 14.59 |
| 10 | दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव | 2024-25 | दमन | दमन कन्वेंशन सेंटर | 147.13 | 0.00 |
| 11 | गोवा | 2023-24 | पोर्वोरिम | पोर्वोरिम क्रीक | 24.07 | 2.40 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | एक्सपीरियंस | | |
| 12 | गोवा | 2023-24 | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 19.98 | 1.99 |
| 13 | हरियाणा | 2024-25 | पंचकुला | टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास | 26.68 | 2.68 |
| 14 | हरियाणा | 2024-25 | पंचकुला | यादविन्द्रा गार्डन का जीर्णोद्धार | 65.82 | 6.58 |
| 15 | हिमाचल प्रदेश* | 2024-25 | माँ चिंतपूर्णी मंदिर (जिला - ऊना) | मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास | 56.26 | 5.62 |
| 16 | कर्नाटक | 2023-24 | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.63 | 2.56 |
| 17 | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2.71 | 0.27 |
| 18 | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.48 | 1.84 |
| 19 | केरल | 2023-24 | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 | 1.39 |
| 20 | केरल | 2024-25 | अलप्पुझा | अलाप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड | 93.17 | 9.31 |
| 21 | केरल | 2024-25 | मलमपुझा | मालमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना | 75.87 | 7.58 |
| 22 | लद्दाख | 2023-24 | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 23.16 | 2.31 |
| 23 | लद्दाख | 2023-24 | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 11.91 | 1.19 |
| 24 | लक्षद्वीप | 2024-25 | बंगारम | बंगाराम में पर्यटक अनुभव का संवर्धन | 81.18 | 8.11 |
| 25 | मध्य प्रदेश | 2023-24 | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 | 1.67 |
| 26 | मध्य प्रदेश | 2023-24 | चित्रकूट | चित्रकूट में | 27.21 | 2.72 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आध्यात्मिक अनुभव | | |
| 27 | मध्य प्रदेश | 2024-25 | पीताम्बरा पीठ, दतिया | पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास | 44.24 | 0.00 |
| 28 | महाराष्ट्र | 2023-24 | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3 | 76.22 | 7.62 |
| 29 | मेघालय | 2023-24 | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 | 0.00 |
| 30 | मेघालय | 2023-24 | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 | 3.24 |
| 31 | मिजोरम | 2024-25 | चम्फाई | केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुह्वम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट अनुभव | 38.85 | 3.88 |
| 32 | मिजोरम | 2024-25 | चम्फाई | विरासत और सांस्कृतिक केंद्र, चम्फाई | 33.87 | 3.38 |
| 33 | नागालैंड | 2023-24 | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको- पर्यटन एक्सपीरियंस | 7.87 | 0.78 |
| 34 | नागालैंड | 2023-24 | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 21.56 | 2.15 |
| 35 | नागालैंड | 2024-25 | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव | 32.54 | 3.25 |
| 36 | पुदुचेरी | 2023-24 | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 | 0.00 |
| 37 | पंजाब | 2023-24 | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 20.06 | 0.00 |
| 38 | पंजाब | 2023-24 | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.90 | 2.59 |
| 39 | राजस्थान | 2023-24 | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव | 21.65 | 2.65 |
| 40 | राजस्थान | 2024-25 | सीकर | श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य | 87.87 | 0.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | राजस्थान | 2024-25 | करणी माता मंदिर, बीकानेर जिला। | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य | 22.57 | 0.00 |
| 42 | राजस्थान | 2024-25 | मालासेरी डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा) | मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास | 48.73 | 0.00 |
| 43 | सिक्किम | 2023-24 | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 | 1.54 |
| 44 | सिक्किम | 2023-24 | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 | 2.25 |
| 45 | तमिलनाडु | 2023-24 | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 | 0.00 |
| 46 | तेलंगाना | 2023-24 | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.81 | 5.68 |
| 47 | तेलंगाना | 2023-24 | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.00 | 3.80 |
| 48 | त्रिपुरा | 2024-25 | अगरतला | अगरतला में त्रिपुरा हेरिटेज विलेज और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2) | 48.94 | 4.89 |
| 49 | उत्तर प्रदेश | 2023-24 | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 14.52 | 1.45 |
| 50 | उत्तर प्रदेश | 2023-24 | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 17.80 | 1.78 |
| 51 | उत्तराखंड | 2023-24 | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 17.86 | 1.78 |
| 52 | उत्तराखंड | 2023-24 | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 19.89 | 1.98 |
| **कुल राशि** | | | | | **2108.87** | **166.35** |

*******